एच.पी.एल. ने उतारा नया इलैक्ट्रॉनिक मीटर

शिमला, 7 फरवरी (अजीत समाचार) : विद्युत उपकरण बनाने वाली कंपनी एचपीएल ने एक नया विद्युत इलैक्ट्रॉनिक मीटर बाजार में उतारा है। ट्राई फैक्टर नामक इस मीटर से बिजली चुरानी आसान नहीं है। एचपीएल समूह के अध्यक्ष ललित सेठ ने यहां एक पत्रकार वार्ता में कहा कि इससे बिजली चोरी की घटनाएं कम हो जाएंगी। मीटर से छेड़छाड़ करने पर इसमें लाल लाइट जलती है तथा यह आवाज देने लगता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश विद्युत बोर्ड प्रदेश में इन मीटरों को लगाता है तो इससे 70 से 80 फीसदी चोरी की घटनाएं कम हो सकेंगी। मीटर की कीमत 300 रुपए है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों को बिजली बोर्ड इसको खरीदने में रूचि दिखाने लगे हैं।